न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी मसूदा अजमेर
पीठासीन अधिकारी सुरेश चावला(RAS)
राजस्व प्रार्थना पत्र 80/2018

1.रामप्रसाद वल्द उंकार उम्र 42 साल
2.श्रीमति घीसी पुत्री श्री हरदेव उम्र 55 साल
3.बगदा वल्द सुखदेव उम्र 60 साल
4.तेजू वल्द माधू उम्र 52 साल
5.देवा वल्द खींया उम्र 75 साल
सभी जाति माली निवासीगण बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर ।

.... प्रार्थी

बनाम

1.रामपाल वल्द रघुनाथ जाती जाट उम्र बालिग ।
2.विश्राम वल्द रघुनाथ जाती जाट उम्र बालिग ।
3.रामकरण वल्द सुखदेव जाति माली उम्र बालिग ।
4.कुन्दन वल्द श्रवण जाति माली उम्र बालिग ।
समस्त निवासीगण बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर ।
7.राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय, बिजयनगर

.......अप्रार्थीगण

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एव धारा 111 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम

प्रार्थीगण ने इस प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि ग्राम बरल द्वितीय पटवार मंडल बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित आराजी ख0 न0 669 रकबा 04–17–00 बिस्वा किस्म चाही ए स्थित है। वाद ग्रस्त भूमि राजस्व रेकार्ड मे प्रार्थीगण के नाम पर जमाबंदी संवत 2070–2073 मे दर्ज चली आ रही है। प्रार्थीगण अपनी उक्त आराजी पर कब्जा काश्त एंव उपयोग उपभोग मालिकाना हक अधिकार बिना किसी रोक टोक व बिना बाधा के करते चले आ रहे है। उनकी खुदकाश्त से संयुक्त खातेदारी की भूमि है जिनमें पडौसी काश्तकार अप्रार्थीगण पाल डोल डालने को लेकर विवाद करते रहते है अतः नियमानुसार पत्थरगढी करवाई जावे।

अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अनुपस्थित रहने से एक तरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी।

अधिवक्ता प्रार्थी को सुनाया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम बरल द्वितीय पटवार मंडल बरल द्वितीय की जमाबंदी संवत 2070–73 के खाता संख्या 38 में ख0 न0 669 रकबा 04–17–00 बिस्वा प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी की भूमि में है अतः वे पत्थरगढी करवाने के अधिकारी पाये जाते है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है और आदेश दिये जाते है कि –

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार बिजयनगर को आदेशित किया जाता है कि वे प्रार्थी से नियमानुसार पत्थरगढ़ी शुल्क प्राप्त कर प्रार्थी पक्षकारान एंव विवादित खसरान के आस पास के खातेदारान को सूचित कर एंव संबंधित हल्का पटवारी के साथ अन्य दो पास के हल्के के पटवारीयान/भूअभिलेख निरीक्षक की टीम मौजा बरल द्वितीय पटवार मंडल बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित आराजी ख0 न0 669 रकबा 04–17–00 बिस्वा भूमियां का नियमानुसार मौके पर जरिये माप एवं सीमांकन सीमा कायम कर पत्थरगढी कारवाना सुनिश्चित करें।

निर्णय आज दिनांक 28.08.2019 को सरे इजलास अदालत में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.11.26 17:00:53 IST
Reason: SelfAttested